BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR UNIVERSITY
LUCKNOW
प्रज्ञा शील करुणा
ESTABLISHED 1996

BBAU NEWS LETTER

Quarterly News Letter October-December, 2019

www.bbau.ac.in

पोस्टर व निबंध प्रतियोगिता आयोजित



विश्वविद्यालय की जेंडर चैंपियन कमेटी द्वारा लिंग समानता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 20 नवंबर 2019 को निबंध और पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता "शैक्षणिक संस्थानों में सकारात्मक लिंग समाजीकरण का निर्माण" विषय पर आयोजित की गई। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो0 शिल्पी वर्मा ने की तथा इसके समन्वयक डॉ विनीत कुमार रहे।

यह प्रतियोगिता विश्वविद्यालय के जेंडर चैंपियन मिस रोहिणी, मिस पूर्वी और श्री अभिषेक अग्निहोत्री द्वारा आयोजित की गई।

बीबीएयू क्रिकेट टीम का अलीगढ़ में दमदार प्रदर्शन



विश्वविद्यालय की क्रिकेट टीम ने अलीगढ़ में हो रहे नॉर्थ ज़ोन इंटरवरसिटी क्रिकेट चैंपियनशिप के अपने दूसरे मुकाबले में भी जीत दर्ज की। बीबीएयू टीम का दूसरा मुकाबला गुरु अंगददेव यूनिवर्सिटी, लुधियाना के साथ हुआ। बीबीएयू की टीम ने 7 विकेट खोकर कुल 123 रन बनाए । गुरु अंगददेव यूनिवर्सिटी, लुधियाना की टीम ने 122 रन बनाए। बीबीएयू टीम के लिए अनिकेत ने 64 रन जोड़े, दुर्गेश ने 5 बॉल में 13 रन बनाए, टीम के कैप्टन आदेश की कैप्टेंसी में टीम का रहा बेहतर प्रदर्शन। टूर्नामेंट के दौरान डॉ0 रविशंकर टीम के मैनेजर हैं।

नन्हें छात्रों का विश्वविद्यालय भ्रमण

विश्वविद्यालय में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के 'स्टडी ट्रिप ऑफ स्टूडेंट्स टु हायर इंस्टिट्यूशन प्रोग्राम' के तहत मोहनलालगंज उत्तरांवा के सरकारी स्कूल के कक्षा नौ के विद्यार्थियों ने विवि के भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित और यूआईईटी विभाग की कक्षाओं और प्रयोशाला का भ्रमण किया। परिसर और यहाँ की प्रयोशाला में आकर विद्यार्थी बेहद उत्साही दिखे। यह ट्रिप बीबीएयू के डीएसडब्ल्यू द्वारा आयोजित की गई थी। डीएसडब्ल्यू प्रो0 बी0 एस0 भदौरिया, गणित, भौतिक और रसायन विज्ञान के विभागाध्यक्ष के सहयोग से विद्यार्थियों की यह परिसर यात्रा सफल रही।

BBAU Celebrated It's Eighth Convocation with Hilarious Academic Ambience



The Babasaheb Bhimrao Ambedkar University has celebrated it's eighth convocation in presence of the Indian Army Chief as chief guest and many other dignitaries on the dice. Deviating from the usual practice of asking politicians or academics to grace this occasion, the university has added ornamental feather in inviting the army chief as Chief Guest this time.

The convocation ceremony was kicked off with a warm welcome address by Honourable Vice Chancellor Prof. Sanjaya Singh. Addressing the large gathering of graduating students, Prof. Singh talked about the various academic activities and achievements of the university during the period of its existence. He stressed upon the recent MOUs signed with many reputed institutions for the sake of enhancing the academic standard of the university. Prof. Singh has highlighted the various academic milestones of the university mentioning the emerging courses offered by the university.

The spirit of nationalism peaked as soon as the Chief Guest entered the convocation hall. Speaking on this occasion, General Bipin Rawat addressed the students about how to deal with failures in their life. The presence of General Rawat, who commands the Indian Army, was inspiring. We will now remember this day not for the gold medal we won, but for the golden advice he gave, said the students.

As many as 1,626 students were conferred degrees on monday and 251 from 2017-18 and 2018-19 batches received gold medals. General Rawat exhorted the students to never be disheartened but get inspired by failures to make them stepping stones and keep working till they achieve success. We must thank our social trait of secularism for the fast-paced development of the country after Independence, said Army Chief General Bipin Rawat in his address at the 8th convocation of the Babasaheb Bhimrao Ambedkar University (BBAU). Secularism, the idea of unity in diversity and to consider



people of every community equal, must be thanked for the development of this country, said Rawat who was the chief guest on this occasion The essence of this traits also reflected in this university and I feel privileged to be here on this occasion, he added.

While addressing the students, the Chancellor of this university Dr. Prakash C.Bartunia said that the future of the country depends on the path, the students present here take in their lives. We, as teachers, have equipped you with basic knowledge that you need to do better in life and now it's time for you to make use of this knowledge," said Prakash C Bartunia, the chancellor of this university, as he welcomed the students and participants at the event. Medals and degrees were conferred on. students who completed their courses in 2019 and 2018. As many as 113 gold medals were awarded to students who completed their course this year while 119 gold medals were awarded to the 2018 batch students. A total of 17 gold medals were conferred on 2016 and 2017 batch students during the event. "Every students who received degrees and medals today must remember this moment and continue to strive for the better and make themselves worthy of similar awards,' said the chancellor. Female students bagged more medals than their male counterparts. For the year 2019, 61 girls won gold medals as against 52 boys. For the year 2018, 79 girls won gold medals as against 40 male students.

Prahlad Kamble, who is known for his work in the field of economic development for the socially backward classes, was invited as the distinguished guest at the ceremony. He was conferred the Honoris Causa by the university. During his deliberations, he cited saying that "I came from Maharashtra, which is the land of Babasaheb, Mahatma Phule and Chhatrapati Sahu Ji Maharaj. The University, named after Babasaheb, is making its pioneering contributions in the field of education. I am a follower of Babasaheb who was a great economist," said Kamble. The ceremony was ended with a profound vote of thanks by the Registrar of this university.

BBAU
NEWS LETTER
October-December, 2019

लोक सेवा आयोग परीक्षा में विद्यार्थियों ने बिखेरा जलवा



विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग के 7 विद्यार्थियों ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग की परीक्षा पास की है। ये विद्यार्थी ग्रंथपाल के पद के लिए चयनित किए गए हैं। जिन विद्यार्थियों का चयन हुआ है उनके नाम सुश्री रुचि जैन, सुश्री आशिया अहमदी, सुश्री गुलाब देवी, श्री संजय कुमार, सुश्री अंजली वर्मा, श्री सत्यव्रत, श्री कुंजन प्रसाद गुप्ता हैं। विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर शिल्पी वर्मा ने बताया कि विभाग के लिए यह बेहद हर्ष का विषय है कि विभाग से कुल 7 विद्यार्थी अपनी सेवाएं देश को प्रदान करेंगे।

छात्रों ने निकाला ग्रीन मार्च



विश्वविद्यालय के विधि विभाग के बीबीए एलएल०बी के लीगल एड कमिटी के छात्रों द्वारा पर्यावरण के सुरक्षा हेतु मार्च का आयोजन किया गया जिसका थीम 'सेव पेपर, सेव ट्री, सेव एनवायरमेंट' थी। इसके तहत विभाग के सभी छात्रों ने विश्वविद्यालय के सभी विभागों में जाकर छात्रों व शिक्षकों से अनुरोध किया कि वे सभी पर्यावरण को बचाने के लिए कार्य करे।

विद्यार्थियों ने बताया कि कोर्स के दौरान असाइनमेंट बनाने के लिए पेपर का दोनों तरफ उपयोग किया जाए। असाइनमेंट प्लास्टिक फाइल फोल्डर में जमा न करे बल्कि पेपर को स्टेपलर करके जमा करे। जिसमे प्लास्टिक का प्रयोग खत्म किया जा सके। छात्रों ने सभी को बताया कि अब पेपर स्लिप की जगह डिजिटल बिल की तरफ हम सबको बढ़ना चाहिए।

इस कार्यक्रम में विधि विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो० सुदर्शन वर्मा, डॉ०संजीव चड्ढा, डॉ०प्रदीप कुमार, डॉ०सूफिया , डॉ०अनीस और छात्रों में लीगल एड कमिटी के स्टूडेंट को ऑर्डिनेटर ऋषि शुक्ला और अनुराग श्रीवास्तव समेत अन्य छात्र मौजूद रहे।

पर्यावरण संरक्षण की ओर एक कदम

विश्वविद्यालय द्वारा हर बुधवार को नो मोटर व्हीकल डे मनाने का निर्णय लिया गया। "नो मोटर व्हीकल डे" पर पहल करते हुए कुलपति आचार्य संजय सिंह साईकल से अपने कार्यालय पहुंचे। साथ ही साथ अन्य कर्मचारियों तथा शिक्षकों ने भी इस मुहिम में शामिल हो कर इसे सफल बनाया।



विश्वविद्यालय में रक्तदान शिविर



विश्वविद्यालय में "नेशनल फॉर्मेसी वीक" के तहत दिनाँक 19/11/2019 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर विवि के हेल्थ सेंटर, एचडीएफसी बैंक और एसजीपीजीआई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। विवि के कुलपति आचार्य संजय सिंह, शिविर का जायज़ा लेने विवि के हेल्थ सेंटर पंहुचे।

शिविर की संयोजिका प्रो0 शुभिनि ए0 सर्राफ ने बताया कि नेशनल फॉर्मेसी वीक के तहत हर बार विवि द्वारा लोगों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए अलग अलग कार्यक्रम किये जाते हैं इसमें हम लोगों में डेंगू से बचाव, रक्तदान के फायदे जैसे स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जागरूकता फैलाते हैं।

पेरेंट्स टीचर मीटिंग और एल्यूमनाई मीट का आयोजन



जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग में 3 दिसंबर 2019 को एलुमनाई मीट और पेरेंट्स टीचर मीटिंग हुई। मीटिंग में विभाग के प्रथम व तृतीय सत्र के विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ आए और विभाग के समस्त शिक्षकों से मुलाकात की। अभिभावकों ने अपने बच्चों की पढ़ाई व अन्य कार्यकलापों में प्रदर्शन जाना। जिसके बाद एलुमनाई मीट हुई।

इस अवसर पर कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि कविता के माध्यम से कवि समाज की वेदना प्रकट करता है और समाज में चेतना लाता है जबकि विज्ञान उस वेदना को खत्म करने के लिए साधन का अविष्कार करता है, इस प्रकार साहित्य और विज्ञान में सृजनात्मकता और संवेदनशीलता का संबंध स्थापित होता है।

'पर्यावरण व समाज' विषय पर संगोष्ठी



विश्वविद्यालय के यूआईईटी विभाग द्वारा दिनाँक 20 नवम्बर 2019 को "पर्यावरण और समाज" विषय पर एक–दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि इस प्रकार की संगोष्ठी के माध्यम से हमें ज्ञान प्राप्त होता है कि किस प्रकार हम प्रकृति को संरक्षित कर सकते हैं, मगर उस प्रकृति के संरक्षण के लिए जो संवेदना हम में होनी चाहिए वह संवेदना कैसे आएगी, हमें इसपर विचार करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रो0 मनोज दीक्षित, कुलपति, राममनोहर लोहिया अवध यूनिवर्सिटी, फैजाबाद ने कहा कि पर्यावरण प्रदूषण की समस्या बहुत विकराल रूप ले चुकी है, अब चर्चा करने का समय खत्म हो चुका है । संगोष्ठी के अध्यक्ष प्रोफेसर आर0 ए0 खान रहें।

रन फॉर युनिटी का आयोजन

विश्वविद्यालय में दिनांक 31 अक्टूबर 2019 को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 144 वीं जयंती के अवसर पर विश्वविद्यालय के खेलकूद विभाग द्वारा ''रन फॉर यूनिटी'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह, कुलसचिव प्रो0 एस0 विक्टर बाबू, प्रॉक्टर बी0 बी0 मलिक, समेत विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया ।



BBAU
NEWS LETTER

बीबीएयू और सीएसआईआर-सीडीआरआई के बीच एमओयू



विश्वविद्यालय और सीएसआईआर–सीडीआरआई, लखनऊ के बीच एमओयू हस्ताक्षरित हुआ है। विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह, कुलसचिव प्रोफेसर एस0 विक्टर बाबू, डीन एकेडमिक, सी0डी0आर0आई0–सी0एस0 आई0 आर0 के डायरेक्टर प्रोफेसर तपस के0 कुंडू और डॉ0 नसीम अहमद सिद्दीकी इस एमओयू हस्ताक्षर समारोह में उपस्थित रहे ।

कुलपति आचार्य संजय सिंह ने कहा कि इस एमओयू के बाद बीबीएयू के विद्यार्थी सीडीआरआई की प्रयोगशाला का प्रयोग कर सकेंगे और वहां पर वैज्ञानिकों की टीम के साथ काम करके व्यवहारिक ज्ञान अर्जित करेंगे।

भूगर्भ विभाग में फॉसिल्स की प्रदर्शनी



विश्वविद्यालय के भूगर्भ विभाग द्वारा दिनांक 16 अक्टूबर 2019 को ''फॉसिल डे'' मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विभिन्न फॉसिल्स जैसे ट्राइलोबाइट, डायनासोर्स, प्लांट फॉसिल्स, फिश फॉसिल आदि का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में आइ0क्यू0ए0सी0 के निदेशक डॉ0 डी0 पी0 सिंह, होम साइंस की डीन प्रो0 सुनीता मिश्रा, डॉ0 नीतू सिंह व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों ने सेडिमेंट्री रॉक्स पर रक्षित फॉसिल्स की प्रदर्शनी लगाई। इस दौरान विद्यार्थियों ने शेल फेनेसटेला, स्ट्रोमैटोलाइट्स, फॉसिल वुड लॉग, स्टैगोडॉन, फॉसिलाइज्ड कोरल, ब्रोकियोपोडा, रिंकोनेला जैसे अन्य फॉसिल्स का प्रदर्शन किया ।



विवि द्वारा गोद लिए गांव में जागरूकता अभियान



विश्वविद्यालय द्वारा दिनांक 11 अक्टूबर 2019 को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव औरावा के पूर्व माध्यमिक विद्यालय में "बालिका जागरूकता अभियान" चलाया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रोफेसर नवीन कुमार अरोरा, प्रोफेसर शिल्पी वर्मा, डॉक्टर राज्यश्री (एनसीसी ऑफिसर), डॉक्टर रचना गंगवार, ग्राम प्रधान विनोद कुमार शुक्ला सहित औरावा गाँव के विद्यालय की शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर गांव में लोगों के घरों में जाकर उनसे प्लास्टिक की बैग लेकर उसके स्थान पर कपड़े बैग उन्हें दिया गया तथा विश्वविद्यालय की एन0सी0सी0 कैडेट्स ने बालिका और स्वच्छ भारत अभियान पर नुक्कड़ नाटक भी प्रस्तुत किया।

संकल्पना: समरस भारत कार्यक्रम आयोजित

महर्षि वाल्मीकि जयंती समारोह के उपलक्ष्य में विवि में" संकल्पना : समरस भारत" विषय पर एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में अध्यक्ष, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति आयोग उत्तर प्रदेश एवं पूर्व पुलिस महानिदेशक श्री बृजलाल जी ने कहा कि वाल्मीकि जी आदि कवि हैं। आज उनके द्वारा रचित रामायण भारतीय भाषाओं के अलावा दुनिया की तमाम भाषाओं में उपलब्ध है। यह एक ऐसा ग्रन्थ हैं जिसमें मर्यादा, सत्य, प्रेम, भातृत्व, मित्रत्व एवम सेवक के धर्म की परिभाषा दिखाई पड़ती है।



इस अवसर पर उन्होंने प्राचीन भारतीय इतिहास की सामाजिक, राजनैतिक गतिविधियों से अवगत कराते हुए बताया कि हमारा देश अन्य देशों की तुलना में हमेशा से सत्य और अहिंसा की दिशा पर चलता रहा है।

कुलपति आचार्य संजय सिंह ने वाल्मीकि जयंती की सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वाल्मीकि जी ने एक जीवन से दूसरे जीवन की शुरुआत की थी। 'समरसता' सनातन परंपरा और संस्कृति का अभिन्न अंग है ।

संविधान दिवस पर हुई कार्यशाला

'भारत विविधता का देश है। यहां आर्थिक, सामाजिक, क्षेत्रीय और भाषायी विविधता है, ऐसे में हम सब में भाई–चारे की भावना का होना जरूरी है। देश में समरसता बनी रहे, इसकी जिम्मेदारी साधन संपन्न वर्ग पर अधिक है। हमें विचार करना होगा कि हम देश में आर्थिक, सामाजिक समानता किस प्रकार ला सकते हैं क्योंकि आज के समय की यही सबसे बड़ी चुनौती है।' यह विचार रिटायर्ड जस्टिस खेमकरन जी ने विश्वविद्यालय में संविधान दिवस पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी में रखे।



'इकॉनमिक, पॉलिटिकल जस्टिस : इश्यूज़ ऐंड चैलेजज' विषय पर आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में विश्वविद्यालय के वीसी प्रो. संजय सिंह ने कहा कि संविधान एक पवित्र ग्रंथ है। इसमें लिखे नियमों का अनुपालन करना सबका परम कर्तव्य है।

विवि में स्टूडेंट कांउसलिंग सेन्टर

विश्वविद्यालय द्वारा यूजीसी के "स्टूडेंट काउंसलिंग सेंटर" प्रोग्राम के तहत 'मेंटल हेल्थ' ओरिएंटेशन प्रोग्राम हर बुधवार को आयोजित किया जा रहा है। यह ओरियंटेशन प्रोग्राम संकाय स्तर पर हो रहा है। स्कूल फॉर फिजिकल एंड डिसीजन साइंसेज में बुधवार को आयोजित ओरियंटेशन सेशन जिसमें में मनोचिकित्सक डॉक्टर नेहा आनंद द्वारा मानसिक स्वास्थ्य से जुड़े पहलू पर चर्चा विद्यार्थियों के साथ की गई।

विद्यार्थियों को इस प्रकार की समस्या से निपटने के लिए विवि की मनोचिकित्सक डॉ नेहा उनकी मदद करती है। यह सुविधा विद्यार्थियों को निःशुल्क

वृद्धजनों ने साझा किया अपना अनुभव



विश्वविद्यालय मे अंतर्राष्ट्रीय वृद्ध–दिवस के अवसर पर मानव विकास एवं परिवार अध्ययन विभाग, गृह–विज्ञान विद्यापीठ के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने शहर के 'ए' ब्लॉक, साउथ सिटी स्थित चशायर–होम, वृद्धाश्रम का दौरा किया। इस विज़िट के दौरान छात्राओं ने वहाँ रह रहे वृद्धजनों से बातचीत की और उनके अनुभव साझा किए, साथ ही साथ विद्यार्थियों द्वारा कई मनोरंजक गतिविधियों का भी आयोजन किया गया जिसमें वृद्धजनों ने भी बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया।



AWARDS & RECOGNITION

प्रो० कमल जयसवाल सम्मानित



विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ़ एप्लाइड एनिमल साइंस के प्रो0 कमल जायसवाल को "द सोसाइटी ऑफ लाइफ साइंसेज" द्वारा प्रो.जी.बी. शिंदे पुरस्कार 2019 से सम्मानित किया जा रहा है। यह सम्मान उन्हें 14–15 दिसंबर 2019 को होल्कर साइंस कॉलेज, इंदौर के जूलॉजी विभाग में होने वाले आठवें वार्षिक सत्र के दौरान दिया गया। इसी समारोह में एप्लाइड एनिमल साइंस डिपार्टमेंट की डॉ0 सुमन मिश्रा (एसोसिएट प्रोफेसर) को भी "द सोसायटी ऑफ लाइफ साइंसेज" द्वारा एसएलएस मान्यता पुरस्कार (SLS Recognition Award) से सम्मानित किया गया है।

लीडरशिप फॉर अकेडमीशियन प्रोग्राम के लिए चयन



विश्वविद्यालय के प्रो0रामचंद्र, माइक्रोबायोलॉजी, को मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एमएचआरडी), भारत सरकार के माध्यम से ''लीडरशिप फ़ॉर अकेडमीशियन प्रोग्राम 2019'' (शिक्षाविदों के लिए नेतृत्व) के लिए 03 सप्ताह के प्रशिक्षण के लिए चुना गया है। इसमें वैश्विक रैंकिंग में शीर्ष 100 विश्वविद्यालयों में से किसी एक में एक सप्ताह का विदेशी प्रशिक्षण शामिल होगा।

अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना पेशेवर शिखर सम्मेलन - 2019

विश्वविद्यालय के सूचना एवं पुस्तकालय विज्ञान विभाग द्वारा आठवां अंतर्राष्ट्रीय पुस्तकालय और सूचना पेशेवर शिखर सम्मेलन–2019, "कॉमन सस्टेनेबल फ्यूचर के लिए इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज़ के साथ लाइब्रेरीज़ (एम्पावरिंग लाइब्रेरीज विथ इमर्जिंग टेक्नोलॉजीज़ फ़ॉर कॉमन सस्टेनेबल फ्यूचर)" विषय पर आयोजित किया गया। इस 3 दिवसीय सम्मेलन का उद्घाटन विवि के अटल बिहारी बाजपेयी सभागार में हुआ।

सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रो0 टी0 वी0 मंगला (नेशनल टैगोर फेलो एंड फॉर्मर डीन, फैकल्टी ऑफ आर्ट्स, यूनिवर्सिटी ऑफ दिल्ली) ने कहा कि हमें पुस्तकालय के सतत विकास पहलू पर ध्यान देना चाहिये। पुस्तकालय का एक महत्त्वपूर्ण कार्य सही सूचना, सही समय पर सही व्यक्ति को उपलब्ध कराना है। साथ ही पाठकों की रुचि को बरकरार रखना भी इसका कार्य है।

कुलपति आचार्य संजय सिंह ने अपना अध्यक्षीय वक्तव्य देते हुए कहा कि पुस्तकालय पूजनीय जगह है, यहां से हम अथाह ज्ञान प्राप्त करते हैं, और खुद को जानने का मौका मिलता है। आज नई तकनीकी ने हमारी पढ़ने लिखने की शैली बदल कर सिर्फ पढ़ने तक सीमित कर दिया है।

सम्मेलन के समन्वयक प्रोफेसर एम0 पी0 सिंह ने सभी अतिथियों और विद्यार्थियों का सम्मेलन में स्वागत किया । प्रोफेसर आर0 ए0 खान ने इस तीन दिवसीय सम्मेलन के बारे में संक्षिप्त में बताया और कहा कि इस तीन दिवसीय सम्मेलन में कई महत्वपूर्ण वक्तव्य होंगे।

Babasaheb Bhimrao Ambedkar University
(A Central University)
Vidya Vihar, Raebareli Road, Lucknow-226025, Uttar Pradesh, India
Patron : Prof. Sanjay Singh, Vice Chancellor, BBAU
Editorial Advisors : Prof. Gopal Singh, Prof. Govind Ji Pandey, Dr. Mahendra Kr. Padhy, Dr. Rachana Gangwar, Dr. Loknath, Dr. K.S. Bahadur, Dr. A.K. Singh
Issue Editor :